राम के दुलारे वीर पवनसुत

राम के दुलारे वीर पवनसुत, बारम्बार प्रणाम तुम्हे है,
बस जाओ मन के मंदिर में, तेरे दरस की चाह हमें हैं..........

वीर बजरंगी हो, राह दिखलाते हो,
मुसीबत आने पर तुम्ही काम आते हो,
हमारे जीवन में, रोशनी लाते हो,
अंधेरा छाता जब किरण बन आते हो.........

महाबली बजरंगी मेरे सदा ही रहना, प्रभु सदा ही रहना साथ,
दिखता ये उपकार हमें है, दिखता ये उपकार हमें है,
तेरे दरस की चाह हमें है, बारम्बार प्रणाम तुम्हे है...........

भजन जो गाता हूं, साज बन जाते हो,
गले में कोमलता आप ही लाते हो,
भाव जो लिखता हु, आप लिखवाते हो,
राह में काटें हो, फूल बन जाते हो.....

सदा करूं गुणगान आपका देना आशीर्वाद, प्रभु देना आशीर्वाद,
रोहित की पहचान बने हैं, रोहित की पहचान बने हैं,
बारंबार प्रणाम तुम्हे है, तेरे दरस की चाह हमें है.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30982/title/ram-ke-dulare-veer-pawansut

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |